an>

Title: Need for an inquiry by CBI into the case in which a girl in Uttar Pradesh was declared failed while she had actually passed the State Public Service Commission examination.

श्री शरद त्रिपाठी (संत कबीर नगर): माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से उत्तर प्रदेश के एक बहुत ही महत्वपूर्ण विÂषय की ओर सदन का ध्यान आकृÂष्ट करना चाहूंगा। जो एक हिन्दी दैनिक समाचार पत्र में प्रमुखता से छपी, वहाँ की एक छात्रा ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग में परीक्षा दी थी, आर.टी.आई. के माध्यम से उसने अपने पास होने का प्रमाण दिया, उसने कहा कि मैं पास हुई थी लेकिन हमें किसी कारणवश फेल कर दिया गया और जो उसको फेल किया गया,...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : यह स्टेट मैटर्स हैं।

â€¦(<u>व्यवधान</u>)

श्री शरद त्रिपाठी : अध्यक्ष जी, यह गंभीर विषय है। एक छात्रा की पीड़ा है। कल महिला अंतर्राष्ट्रीय दिवस भी था। आप स्वयं एक मातृ शक्ति की प्रतीक हैं। सिर्फ एक विÂषय मैं ध्यान में लाना चाहता हूं। दैनिक अखबार में पूरी प्रमुखता से यह विÂषय आया है। बहुत सारे लोगों ने इसे पढ़ा होगा। देश भर के लोगों ने इसे पढ़ा होगा। मेरा कहना है कि ऐसी छात्रा और बहुत सारे छात्र, जो किसान परिवार से आते हैं, इलाहाबाद जैसे शहरों में जाकर पढ़ाई करते हैं और जिनके पिता कभी-कभी तो जेवर गिरवी रखकर, कभी खेत बेचकर पढ़ाई करने के लिए भेजते हैं, लेकिन ऐसी प्रतिभा को कुंठित किया गया। आर.टी.आई. के माध्यम से जब उस छात्रा ने पता कराया तो वह पास थी।

<u>13.00 hours</u>

पुनः उसे परीक्षा में इंटव्यू के लिए बुलाया गया और इंटरव्यू में अनुत्तीर्ण कर दिया गया। यह विषय रायबरेली का है। अभी वहां के माननीय सदस्य यहां बैठे थे। सुभाÂषनी वाजपेयी रायबरेली की रहने वाली है। हर बात का वह संज्ञान लेते हैं, लेकिन वह महोदय इस गंभीर विषय का संज्ञान नहीं लिये, यह भी एक शर्म का विषय है।

मैं आपके माध्यम से निवेदन करना चाहूंगा कि जो भी इस तरह की गड़बड़ियों में लिप्त लोग हैं, उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई हो, जिससे भविÂय में किसी प्रतिभा को कुंठित न होना पड़े। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष :

श्री भैरों प्रसाद मिश्र,

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल और

श्री सी.पी. जोशी को श्री शरद त्रिपाठी जी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।